हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, गुरुवार 9 अप्रैल 2026

तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

12 कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने जनदर्शन में सुनी लोगों ...



12 शिक्षकों ने लिया साइंस एंड टेक्नोलॉजी फॉर ...





## खबर संक्षेप

### विशेष ग्रामसभाओं का आयोजन 14 से

**बलौदाबाजार**। पंचायत संचालनालय के निर्देशानुसार 14 अप्रैल से जिले के प्रत्येक ग्राम में ग्रामसभा का आयोजन करनेकलेक्टर कुलदीप शर्मा ने आदेशित किया है। ग्राम सभा में शतप्रतिशत उपस्थिति एवं गणपूर्ति सुनिश्चित कराने का दायित्व संबंधित सरपंच एवं पंचों का होगा। ग्राम सभा में एजेंडा अनुसार चर्चा की जाएगी। इसमें ग्राम सभा की पूर्व बैठक में पारित संकल्पों के क्रियान्वयन संबंधी पालन प्रतिवेदन।पंचायतों के विगत तिमाही के आय-व्यय की समीक्षा एवं अनुमोदन। पिछली वर्ष में विभिन्न योजनाओं से स्वीकृत कार्य के नाम, प्राप्त राशि, स्वीकृत राशि, व्यय राशि सर्व कार्य की अद्यतन स्थिति का वाचन। ग्राम पंचायतों में कर अधिरोपण एवं संग्रहण की प्रणाली ऑनलाइन करने के लिए समर्थ पंचायत पोर्टल का उपयोग करने तथा वर्तमान वित्तीय वर्ष के लिए संपत्ति कर के दर निर्धारण पश्चात कर अधिरोपण प्रारंभ करना आदि शामिल है।

### पशु क्रूरता-अनाचार का आरोपी धरा गया

**रायपुर**। पशु क्रूरता एवं अनाचार के मामले में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुरानी बस्ती थाना में भाठागांव से शिकायत मिली थी कि एक व्यक्ति पशु के साथ क्रूरता और अनाचार कर रहा है। इस शिकायत के साथ पुलिस को वीडियो भी सौंपा गया था। इस वीडियो के फूटेज एवं साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने आरोपी की पहचान होरी लाल सोनकर उर्फ गोगा निवासी सोनकर पारा के रूप में की। आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) एवं पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत अपराध दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।

### पिकनिक मनाने गए युवक पर चाकू से हमला, 5 गिरफ्तार

**रायपुर**। मुजगहन थाना क्षेत्र अंतर्गत सात पाखर एनीकट काठाडीह में पिकनिक मनाने के दौरान चाकूबाजी की घटना सामने आई है। इमामबाड़ा निवासी मो. युनूस ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह अपने साथियों के साथ पिकनिक मनाने सात पाखर एनीकट गया था। इसी दौरान आरोपी शेख फारुख, मो. रियाज, सैयद उस्मान, शेख साहिल एवं विशाल नायक ने दीपावली त्योहार के दौरान हुए विवाद को लेकर उसके साथ झगड़ा किया। इस दौरान आरोपियों में किसी ने उस पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे उसे चोट आई है। पुलिस ने मामले की जांच करते हुए सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

### नशीली ड्रिंक पिलाकर रेप, आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर**। नशीली ड्रिंक पिलाकर एक युवती के साथ रेप करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना सिविल लाइंस थाना क्षेत्र की है।

# कार्यकर्ताओं को संगठन और अंत्योदय की विचारधारा का मिला मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

## भाजपा सदस्यों ने समझी संगठन की कार्यप्रणाली

भाजपा मंडल ग्रामीण द्वारा पं. दीनदयाल उपाध्याय के नाम पर आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर साहू छात्रावास में हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत भाजपा के ध्वजारोहण के साथ की गई। शिविर का मुख्य उद्देश्य कार्यकर्ताओं को पार्टी की मूल नीति अंत्योदय संगठनात्मक कार्यप्रणाली तथा जनसेवा के प्रति उनकी जिम्मेदारियों की गहन जानकारी देना रहा। प्रशिक्षण के दौरान वक्ताओं ने पं. दीनदयाल उपाध्याय के विचारों को संगठन का मार्गदर्शक बताते हुए कार्यकर्ताओं से उन्हें जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। साथ ही संगठन की मजबूती, अनुशासन और सक्रियता पर विशेष जोर दिया गया। शिविर 4 एवं 5 अप्रैल को विभिन्न सत्रों में आयोजित हुआ। प्रथम दिवस के प्रथम सत्र में धनंजय साहू प्रदेश कार्यसमिति, विधि प्रकोष्ठ ने मार्गदर्शन दिया, जिसकी अध्यक्षता सुनीता वर्मा जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा ने की। द्वितीय सत्र में विजय केसरवानी प्रदेश उपाध्यक्ष भारत स्काउट गाइड ने संबोधित किया। वहीं अध्यक्षता आकांक्षा जायसवाल अध्यक्ष जिला पंचायत ने की। तृतीय सत्र में आशीष जायसवाल प्रदेश मंत्री पिछड़ा वर्ग मोर्चा तथा चतुर्थ सत्र में टेसूलाल धुरंधर प्रदेश संयोजक, शिक्षा प्रकोष्ठ ने अपने विचार रखे। पंचम सत्र में सनम जांगड़े प्रदेश अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा, षष्ठम सत्र में विजय यादव जिला महामंत्री एवं सप्तम सत्र में आनंद यादव जिला अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक मजबूती एवं जनसेवा के लिए प्रेरित किया।





### कार्यकर्ताओं का किया उत्साहवर्धन

प्रथम दिवस के दौरान क्षेत्रीय विधायक एवं छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा की विशेष उपस्थिति रही, जिन्होंने विभिन्न सत्रों में सहभागिता करते हुए कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया। द्वितीय दिवस के प्रथम सत्र में अनिल बघेल जिला संयोजक 'मन की बात' ने मार्गदर्शन दिया, जिसकी अध्यक्षता रेवाराम साहू जिला संयोजक विधि प्रकोष्ठ ने की। कार्यक्रम का सफल संचालन मंडल अध्यक्ष रविशंकर वर्मा, महामंत्री विष्णु साहू एवं मुरारी कन्नौजे के निर्देशन में हुआ। शिविर में जिला, प्रदेश, मोर्चा-प्रकोष्ठ, मंडल पदाधिकारी, कार्यसमिति सदस्य, शक्ति केंद्र प्रभारी, बूथ अध्यक्ष एवं जनप्रतिनिधियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

## विडंबना : पूर्व सरपंच और सचिव पर लगाया आरोप

# मोहतरा की नल-जल योजना अधूरी सरपंच ने जनदर्शन में की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंडा

ग्राम पंचायत मल्लिन एवं आश्रित ग्राम मोहतरा में अधूरी पड़ी नल जल योजना का मुद्दा अब प्रशासनिक स्तर तक पहुंच गया है। 7 अप्रैल को कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनदर्शन में पहुंचे सरपंच रामकली महेश मिर्झा द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई। पूर्व सरपंच एवं सचिव पर चंद रुपए के लालच में आधी अधूरी नल जल योजना को हैंड ओवर किए जाने का आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच कर अधूरे कार्य को पूर्ण किए जाने की मांग की है। 7 अप्रैल को कलेक्टर जनदर्शन में दिए गए शिकायत में बताया गया कि नल जल योजना के तहत ठेकेदार द्वारा कार्य अधूरा छोड़ दिया गया है, इसके बावजूद योजना का हैंडओवर कर दिया गया, जिससे ग्रामीणों को लंबे समय से पेयजल सुविधा नहीं मिल पा रही है। मोहतरा में पानी टंकी निर्माण स्थल पर समतलीकरण और फ्लोरिंग का कार्य अधूरा है। वहीं 30 से 40 परिवारों को अब तक नल कनेक्शन नहीं मिला है और उनके यहां चेम्बर भी नहीं बनाए गए हैं। बोर स्थल पर पम्प रूम का निर्माण नहीं हुआ है, वहीं गुणवत्ता विहीन पानी टंकी का निर्माण किया गया है, जिससे पानी टंकी में लीकेज होने से पानी लगातार टपक रहा है।

इसके अलावा क्लोरीनेटर रूम में मशीन स्थापित नहीं की गई है और गेट का छज्जा भी क्षतिग्रस्त है। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया कि पूर्व सरपंच और सचिव द्वारा कथित रूप से अनियमित तरीके से योजना को समय से पहले ही ठेकेदार को हैंडओवर कर दिया गया जिसकी जानकारी ग्राम पंचायत को समय पर नहीं दी गई। मल्लिन गांव में भी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है यहां लंबे समय से पानी सप्लाई बंद है। पाइपलाइन बिछाने के लिए खोदी गई गलियों का लगभग 75 प्रतिशत कार्य अधूरा है, जिससे जगह-जगह गड्ढे बने हुए हैं और आवागमन में परेशानी हो रही है। कई परिवार आज भी नल कनेक्शन से वंचित हैं।

जनदर्शन में की गई इस शिकायत के माध्यम से कलेक्टर से मांग की गई है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और नल जल योजना के अधूरे कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण कराया जाए ताकि ग्रामीणों को केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना हर घर को शुद्ध पेयजल जैसी बुनियादी सुविधा मिल सके।



# उत्कृष्ट कार्यों के लिए नेत्र सहायक को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



■ स्वास्थ्य विभाग ने की वार्षिक कार्यों की समीक्षा

जिला अंधत्व नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत वार्षिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश अवस्थी ने की, जबकि जिला कार्यक्रम प्रबंधक सृष्टि मिश्रा की विशेष उपस्थिति रही।

बैठक में जिले के सभी नेत्र सहायक अधिकारियों ने सक्रिय भागीदारी निभाते हुए अपनी वार्षिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की तथा कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु सुझाव दिए। इस दौरान सीएमएचओ द्वारा नेत्र रोगों की रोकथाम, समय पर पहचान एवं उपचार के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही कार्यक्षमता बढ़ाने, आपसी समन्वय को सुदृढ़ करने तथा निर्धारित लक्ष्यों की समय पर प्राप्ति के लिए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश भी जारी किए गए। बैठक के दौरान जिले के छह नेत्र सहायक अधिकारियों को टोनोमीटर उपकरण प्रदान किए गए, जिससे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर मरीजों की बेहतर नेत्र जांच सुनिश्चित हो सकेगी। उत्कृष्ट कार्य के लिए आयुष्मान आरोग्य मंदिर रिसदा के नेत्र सहायक अधिकारी वेगेश्वर यदु को सम्मानित किया गया। उन्होंने शासकीय संस्थाओं में अधिक से अधिक मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु प्रेरित कर सफल उपचार सुनिश्चित किया, साथ ही स्कूल नेत्र परीक्षण एवं निशुल्क चश्मा वितरण तथा ग्रामीण स्तर पर नेत्र रोगों के प्रति जागरूकता फैलाने में सराहनीय योगदान दिया। जिला स्तर पर वर्ष भर की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए बताया गया कि कुल 4453 मोतियाबिंद ऑपरेशन संपन्न किए गए। इसके अलावा 1017 स्कूली छात्र-छात्राओं को निशुल्क चश्मा वितरित किए गए तथा 40 वर्ष से अधिक आयु के 1624 लोगों को प्रेस्बायोपिया चश्मा प्रदान किया गया। इसी क्रम में 8 से 14 मार्च तक ग्लूकोमा सप्ताह का आयोजन कर 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग ▶▶ शेष पेज 11 पर

# दो वर्षों से लंबित राजस्व प्रकरणों का निराकरण समय-सीमा पर करें

■ कलेक्टर ने पीठासीन अधिकारियों को दिए निर्देश

**बिलाईगढ़**। कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने जिले के के समस्त राजस्व अधिकारियों एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार के कार्यों की समीक्षा की। कलेक्टर ने राजस्व प्रकरणों को समय सीमा में निराकरण करने राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए।जिले में चल रहे राजस्व पखवाड़ा में नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, डायवर्सन, वृक्ष कटाई की अनुमति, द्वितीय प्रति किसान किताब, आय-जाति- निवास प्रमाण पत्र, अभिलेख त्रुटि सुधार, रिकॉर्ड दुरुस्ती तथा वन पट्टा का फौती नामांतरण इत्यादि प्रकरणों को मौके पर निराकरण के निर्देश दिए। अभी तक कुल 2052 आवेदन प्राप्त किया गया है, जिसमें से 1433 आवेदन शिविर में निराकरण किया गया

राजस्व न्यायालय प्रकरण की समीक्षा करते हुए कलेक्टर डॉ. कन्नौजे ने कहा कि ऐसी व्यवस्था हो जिसमें राजस्व प्रकरणों के लिए पक्षकारों का अनावश्यक भटकना न पड़े। उन्होंने 1 और 2 वर्ष के राजस्व प्रकरणों को समय सीमा में पूर्ण करने और न्यायालय दिवस के दिन अनिवार्य रूप से कोर्ट लेने के निर्देश पीठासीन अधिकारियों को दिए। बैठक में कलेक्टर के दिए निर्देश पर, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सारंगढ़ को ▶▶ शेष पेज 11 पर

# जीरामजी योजना से थरहीडीह के ग्रामीणों को मिला रोजगार

**सेल**। ग्राम पंचायत मडकड़ा के आश्रित ग्राम थरहीडीह में मनरेगा के तहत जीवीरामजी योजना से ग्रामीणों को रोजगार मिलने से खुशी है, ग्रामीणों ने सरपंच लखन यादव के प्रति आभार जताया है। सरपंच लखन यादव ने ग्रामीणों के बीच पहुंचकर झौहा गैंती पकड़कर मनरेगा के तहत जीवीरामजी योजना में काम करने में शामिल हुए। सरपंच लखन यादव ने मजदूरों के बीच पहुंचकर सिर पर झौहा बोहकर और मजदूरों को झौहा को मजदूरों के सिर पर बोहाया गया। ग्रामीणों को रोजगार मिलने से खुश ग्रामीणों ने सरपंच के प्रति आभार जताया। विदित हो कि ग्राम पंचायत मड़कडा के आश्रित ग्राम थरहीडीह जनपद पंचायत कसडोल जिला बलौदाबाजार भाटापारा के अंतर्गत आता हैं। ग्रामीणों को रोजगार मिलने से पलायन करने जाने से छुटकारा मिला है। सरपंच लखन यादव ने बताया कि ग्राम थरहीडीह में 100 मजदूर काम कर रहे हैं। रामसागर तालाब गहरीकरण किया जा रहा हैं। सरपंच ने मजदूरों को नाश्ता वितरण किया गया। सभी मजदूरों को भजिया और पानी पाउच बांटा गया हैं।





# विरोध के बाद भी संडी में खुली शराब दुकान

**संडी बंगला**। संडी बंगला में बुधवार से शराब दुकान शुरू हो गई है। दुकान खुलने से क्षेत्र में अलग-अलग प्रतिक्रियाएं देखने को मिल रही हैं। एक ओर जहां इसे लेकर राजनीतिक बयानबाजी हो रही है, वहीं दूसरी ओर स्थानीय स्तर पर मांग और विरोध दोनों सामने आए हैं।

स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि शराब दुकान खुलने से बाजार में रौनक आएगी और अवैध रूप से बिक रही शराब पर रोक लगेगी। उनका मानना है कि गांव-गांव और गली-गली में हो रही अवैध शराब बिक्री से बच्चों और युवाओं पर बुरा असर पड़ रहा था, जिसे अब नियंत्रित किया जा सकेगा।

खैरा और लुट्टूडीह, जारा, रेंगाडीह सहित आसपास के ग्रामीणों ने इसका विरोध किया है। ग्रामीणों का कहना है कि शराब दुकान खुलने से आवागमन प्रभावित होगा, खासकर सुबह के समय जब स्कूली बच्चों और राहगीरों की आवाजाही रहती है। इससे सामाजिक माहौल पर भी असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। गौरतलब है कि वर्ष 2009 में संडी की शराब दुकान को ग्रामीणों ने अखंड रामायण पाठ कर बंद कराया था। उस समय बढ़ते अपराध को देखते हुए यह कदम उठाया गया था, लेकिन दुकान बंद होने के बाद अवैध शराब का कारोबार तेजी से फैल गया और संडी समेत आसपास के गांवों में इसका असर देखने को मिला। अवैध शराब ब्रिकी से परेशान व्यापारी और व्यापार में कमी होने के कारण कई बार संडी बंगला के व्यापारी शराब दुकान की मांग को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंप चुके थे। व्यापारियों का कहना है शराब दुकान बंद होने से ग्राहकों में कमी होने लगे क्योंकि ग्राहक पलारी, खरोरा और रोहांसी जैसे जगह पर खरीदारी करने जाने लगे जिससे संडी बंगला के व्यापारी काफ़ी चिंतित थे।



## अब वनांचल और मैदानी क्षेत्रों की महिलाओं को मिलेंगी बेहतर सुविधाएं

# 50 साल बाद कसडोल को मिलीं पहली महिला स्त्रीरोग विशेषज्ञ ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल/सेल

कसडोल ब्लॉक के स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण उपलब्धि दर्ज की गई है। क्षेत्र के इतिहास में लगभग 50 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को पहली बार एक महिला स्त्री रोग विशेषज्ञ के रूप में ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर (BMO) मिली हैं। डॉ. वंदना भेले की इस नियुक्ति ने न केवल प्रशासनिक नेतृत्व को नई ऊर्जा दी है, बल्कि वनांचल और मैदानी क्षेत्रों की महिलाओं के लिए बेहतर चिकित्सा सेवाओं की नई उम्मीद जगाई है। भौगोलिक दृष्टि से कसडोल एक जटिल क्षेत्र है, जहां घने वन और दूरस्थ ग्रामीण इलाकों के कारण चिकित्सा सुविधा पहुँचाना हमेशा से एक बड़ी चुनौती रही है। डॉ. भेले की नियुक्ति से क्षेत्र में निम्नलिखित सकारात्मक बदलाव आने की उम्मीद है, अब महिलाओं को स्त्री रोग संबंधी परामर्श के लिए बड़े शहरों की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। महिला बीएमओ होने के कारण ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाएँ अब बिना किसी हिचकिचाहट के अपनी स्वास्थ्य समस्याओं को साझा कर सकेंगी। स्थानीय स्तर पर इलाज मिलने से मरीजों के समय और धन दोनों की बचत होगी।



### सुविधाएं सुदृढ़ होगी

हमारा उद्देश्य स्वास्थ्य केंद्र की सुविधाओं को सुदृढ़ करना है, ताकि वनांचल के अंतिम व्यक्ति तक गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा पहुँच सके।

डॉ. वंदना भेले, बीएमओ, कसडोल

### अब कसडोल में होंगे सिजेरियन ऑपरेशन

नवनियुक्त बीएमओ डॉ. वंदना भेले ने पदभार ग्रहण करते ही अपना विजन स्पष्ट कर दिया है। उन्होंने सुविधाओं के विस्तार को लेकर दो महत्वपूर्ण लक्ष्य साझा किए। अगले दो महीनों के भीतर एनेस्थीसिया विशेषज्ञ की नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी करने का लक्ष्य रखा गया है। एनेस्थीसिया विशेषज्ञ के आते ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सिजेरियन (सी-सेक्शन) ऑपरेशन की सुविधा शुरू हो जाएगी, जो अब तक यहाँ उपलब्ध नहीं थी।

WE ARE HIRING
Job Opening
CIRCULATION ASSISTANT MANAGER
Position : Circulation Assistant Manager - 2 Post
Location : Raipur City
We are looking for a dynamic, Target Oriented and motivated Circulation Assistant to Join our team.
Qualifications :
- MBA (Marketing) from a recognized institution
- 3-5 Years of relevant experience in circulation Department
- Age 25 to 30 Years
Responsibilities :
- Manage circulation and distribution of publications
- Handle customer queries
- Maintain accurate circulation records
How to Apply
Interested candidates may send their resume to Email : inhnewshr@gmail.com
Last Date to Apply : 10 April 2026
हरिभूमि inh Opp. Pujari Park, Dhamtari Road, Tikrapara, Raipur

# राशन दुकानों में स्टॉक कम, इसलिए चावल उत्सव के पहले दिन 8 लाख 93 हजार हितग्राहियों को ही मिल पाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में मंगलवार से सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत चावल उत्सव मनाया जा रहा है। इसके तहत हितग्राहियों को तीन महीने का चावल एक साथ दिया जा रहा है, लेकिन उचित मूल्य की दुकानों में स्टॉक की कमी के कारण चावल उत्सव के पहले दिन सिर्फ 8 लाख 93 हजार हितग्राहियों को ही चावल वितरण हो पाया। जिले में वितरण की बात करें तो सबसे ज्यादा रायपुर जिले में 86 हजार से अधिक हितग्राहियों को चावल वितरण हुआ है। हालांकि प्रतिशत में राजनांदगांव सबसे आगे हैं, जहां कुल 18.73 प्रतिशत कार्डधारकों को वितरण हुआ है, वहीं सबसे पीछे सुकमा है, जहां 3.26 प्रतिशत चावल वितरण हुआ है।



### प्रदेश में 80 लाख से अधिक राशनकार्ड

प्रदेश में एपीएल को छोड़कर अन्य कार्डों की संख्या 80 लाख से अधिक हैं। चावल उत्सव के पहले दिन इन कार्डों में से 8 लाख 93 हजार 896 धारकों को ही तीन महीने का चावल वितरण हो पाया, जो कुल कार्डों का लगभग 11 प्रतिशत है। चावल उत्सव के कारण उचित मूल्य की दुकानों में पहले दिन ही हितग्राहियों की भारी भीड़ पहुंची, लेकिन इस भीड़ की तुलना में दुकानों में तीन महीने का चावल स्टॉक का भंडारण बहुत कम हो पाया है। विभागीय सूत्रों के अनुसार, किसी भी राशन दुकान में अब तक अप्रैल महीने का 50 प्रतिशत से अधिक भंडारण नहीं हो पाया है, वहीं मई और जून महीने का स्टॉक का प्रतिशत अप्रैल माह की तुलना में 25 प्रतिशत से कम है। यही कारण है कि कई हितग्राहियों को पहले दिन चावल लिए बगैर दुकानों से वापस लौटना पड़ा।

### इन जिलों में 12 प्रतिशत से अधिक चावल वितरित

चावल उत्सव के पहले दिन राजनांदगांव में 18.73 प्रतिशत, रायपुर में 14.07, बालोद 15.36, बिलासपुर 12.79, धमतरी 16.41, दुर्ग 17.68, जांजगीर 13.20, कोरबा 13.73, मुंगेली 12.79 प्रतिशत वितरित किया गया है। अन्य जिलों में इससे कम प्रतिशत वितरण हुआ है।

### इन जिलों में 10 प्रतिशत से कम वितरण

सबसे कम प्रतिशत चावल वितरण वाले जिलों में सुकमा 3.26, सरगुजा 7.29, जशपुर 5.57, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही 6.93, गरियाबंद 5.91, दंतेवाड़ा 4.29, बीजापुर 3.91, बलरामपुर 3.96, बस्तर 7.66 प्रतिशत शामिल हैं। इसके अलावा शेष अन्य जिलों में भी वितरण प्रतिशत 10 से कम है।

## खबर संक्षेप



### सिंधीयत दिवस पर रायपुर में मचेगा धमाल, "सिंधी तम्बोला" में बरसेगा सोना

**रायपुर।** देवेंद्र नगर स्थित सिंधी समाज के कार्यालय में छग सिंधी सेवा महापंचायत के पदाधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि सिंधीयत दिवस अवसर पर सिंधी तम्बोला के भव्यतम कार्यक्रम होगा। इसी दौरान सिंधी तम्बोला का पोस्टर विमोचन किया गया। इस मौके पर तैयारियों में जुटी महिला टीम ने बताया कि सिंधीयत दिवस के अवसर पर यह एक यादगार कार्यक्रम रहेगा, जिसे नगरवासी बरसों याद रखेंगे। इस कार्यक्रम में प्रथम पुरस्कार गोल्ड नेकलेस, द्वितीय पुरस्कार गोल्ड ईयरिंग्स, तृतीय पुरस्कार गोल्ड रिंग के अलावा 100 अन्य पुरस्कारों में 32 टीवी, गोल्ड आइटम व अन्य प्रतिभागियों को भी आकर्षक पुरस्कार मिलेंगे। बैठक में दिनेश आनंद अठवानी, भावना कुकरेजा, राशि बलवानी, जितेंद्र बडवानी, महेश आहूजा, नरेश पंजवानी, विकास विकी सुखवानी, संतोष विक्की लोहाना, सुदेश मंध्यान, राजेश गुरनानी, श्रीचंद सुंदरानी, अमर गिदवानी, राजेश वासवानी, राजा जेठानी, चेतन तारवानी आदि शाामिल रहे।

### मां योग योगेश्वरी यती आज आएंगी रायपुर, देंगी मार्गदर्शन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ योग आयोग एवं छत्तीसगढ़ गौसेवा आयोग की ओर से 8 अप्रैल को भारतीय दर्शन में योग एवं गोमाता विषय पर व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पंच दशनाम जूना अखाड़ा की अनंत विभूषित महामंडलेश्वर मां योग योगेश्वरी यती पहली बार रायपुर आ रही है। इस अवसर पर रायपुर एयरपोर्ट में सुबह 11 बजे समस्त सनातन प्रेमी रायपुर और विभिन्न संगठनों द्वारा भव्य स्वागत किया जाएगा। यह स्वागत छग योग आयोग अध्यक्ष रूपनारायण सिंह, गौसेवा आयोग अध्यक्ष विशेषर पटेल और राजीवलोचन श्रीवास्तव एवं ओमप्रकाश देवांगन की उपस्थिति में होगा। व्याख्यान कार्यक्रम छग गौ सेवा आयोग के कार्यालय भवन में दोपहर 2 बजे प्रारंभ होगा। यह जानकारी छग योग आयोग रायपुर के सचिव ने देते हुए बताया कि कार्यक्रम के बाद मां योग योगेश्वरी यती श्रीराम मंदिर रायपुर में दर्शन, पूजा-आरती एवं भजन कार्यक्रम में शामिल होने के बाद शाम 6 बजे छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष श्री सिन्हा के निज निवास में आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होकर रात्रि विश्राम के लिए प्रस्थान करेंगी।

### गोमाता के लिए पानी के पात्र किए वितरित



**रायपुर।** भीषण गर्मी को देखते हुए दीनदयाल मित्र मंडल के पदाधिकारियों ने डीडीनगर में मंगलवार को मूक पशुओं की प्यास बुझाने गोमाता के लिए 201 पानी के पात्र (टंकी) और सिकोरे वितरित किए गए। इस अवसर पर राहुल हरिद्वार, शरद अग्रवाल, अमित पांडे, राजकुमार यादव, मोहित पाटिल, अमित शर्मा, बाबुल सोनी, पूजा यदु, सौरभ यादव, देव साहू, अरविंद गोस्वामी, रुस्तम पाटिल आदि मौजूद थे।

### कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने दी चेतावनी

# रासायनिक खाद की कालाबाजारी की तो जाएंगे जेल, कमी की आशंका, पर सरकार पूरी तरह सजग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में रासायनिक उर्वरकों की कालाबाजारी करने वालों पर अब सख्त कार्रवाई तय है। कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि खाद की जमाखोरी या अधिक मूल्य पर बिक्री करने वालों पर सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं गड़बड़ी पाए जाने पर सीधे जेल भी भेजे जाएंगे। उन्होंने कहा कि पश्चिमी एशिया संकट के कारण रासायनिक उर्वरकों की कमी की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए सरकार पूरी तरह सजग है। खाद की कमी नहीं होगी।

श्री नेताम ने ये भी कहा है कि किसानों को जैविक खेती के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में आपूर्ति और बेहतर होगी, इसलिए किसानों को किसी भी प्रकार से घबराहट या पैनिक होने की आवश्यकता नहीं है। कृषि मंत्री ने मंगलवार को इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय परिसर स्थित समेति कक्ष में रायपुर और दुर्ग संभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक में यह बात कही।



### एग्रीस्टेक में कराएं पंजीयन

बैठक में फार्मर आईडी के तहत एग्रीस्टैक पोर्टल में पंजीयन के लिए शेष बचे हुए कृषकों का एक सप्ताह के भीतर पंजीयन करने हेतु निर्देश दिए गए, ताकि कोई भी किसान पीएम किसान योजना से लाभान्वित होने से वंचित न रहे। उन्होंने खरीफ सीजन में किसानों को सुगमतापूर्वक उर्वरक व्यवस्था हेतु दूरस्थ अंचलों में प्राथमिकता के आधार पर उर्वरकों का भण्डारण करने हेतु निर्देशित किया।

### पीएम आशा से निराशा

मंत्री श्री नेताम ने रायपुर और दुर्ग संभाग में योजना पीएम आशा की समीक्षा के दौरान पाया कि धमतरी जिले को छोड़कर अन्य जिलों में प्रगति नगण्य है। आगामी एक सप्ताह के भीतर मार्कफेड, नाफेड एवं समिति स्तर पर समन्वय करके दलहन-तिलहन की खरीदी हेतु और अधिक प्रयास करने पर बल दिया। उन्होंने मखाना की खेती के लिए धमतरी जिले में किए गए कार्य की सराहना की। मखाना की खेती के साथ-साथ मछली पालन के लिए किसानों को जागरूक करने निर्देश दिए।

### जैविक खेती को प्रोत्साहन

बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि पिछले वर्ष डीएपी की आपूर्ति में आई बाधाओं को देखते हुए इस बार एनपीके, एसएसपी और अन्य वैकल्पिक उर्वरकों के उपयोग को बढ़ावा दिया जाएगा। साथ ही जैविक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। सरकार का फोकस केवल उर्वरक उपलब्धता तक सीमित नहीं है, बल्कि खेती को अधिक टिकाऊ, लाभकारी और आधुनिक बनाने पर है। किसानों की आय बढ़ाने और लागत घटाने के उद्देश्य से दलहन, तिलहन और अन्य वैकल्पिक फसलों को बढ़ावा देने की रणनीति पर भी तेजी से काम किया जा रहा है।

### किसी भी अनियमितता की होगी जांच

मंत्री श्री नेताम ने बताया कि राज्य सरकार खरीफ 2026 की तैयारियों को लेकर पूरी तरह सक्रिय है और उर्वरक उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए लगातार निगरानी की जा रही है। जिलों के संबंधित विभागीय अमले को नियमित एवं आकस्मिक निरीक्षण के निर्देश दिए गए हैं, ताकि किसी भी स्तर पर अनियमितता सामने आते ही तत्काल कार्रवाई की जा सके। श्री नेताम ने बैठक में आगामी 5 मई से 20 मई तक पूरे प्रदेश में "विकसित भारत संकल्प अभियान" की तैयारियों की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत कृषि वैज्ञानिकों, विभागीय अधिकारियों और मैदानी अमले की टीम गांव-गांव जाकर किसानों, किसान समूहों और संगठनों से सीधे संवाद करेगी। इस दौरान किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों, वैकल्पिक उर्वरकों और आधुनिक खेती के तरीकों की जानकारी दी जाएगी। अभियान के दौरान कृषि के साथ-साथ अन्य विभाग जैसे-मछली पालन, उद्यानिकी, पशुपालन, कृषि विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञ भाग लेंगे, जिसमें विभिन्न विभागीय योजनाओं का प्रचार-प्रसार तथा विभागीय प्रकरण तैयार करने हेतु निर्देशित किया।

# असम से लौटे भूपेश, कहा चल रही बदलाव की बयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



असम के दौरे से लौटे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने वहां के सियासी हालात का जिक्र करते हुए कहा, हिमंता और भाजपा सरकार से जनता परेशान है। जनता नया असम बनाने जा रही है। बदलाव की बयार चल पड़ी है। असम चुनाव के लिए कांग्रेस पार्टी द्वारा वरिष्ठ पर्यवेक्षक नियुक्त भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ लौटने के बाद संवाददाताओं से चर्चा में कहा, डरी हुई हिमंता सरकार कांग्रेस नेताओं पर एफआईआर करा रही है।

प्रवक्ता पवन खेड़ा के घर पुलिस ने रेड की है, लेकिन कांग्रेस भाजपा के हथकंडों से डरने वाली नहीं है। उन्होंने कहा, बीजेपी के नेता बौखला गए हैं। अमित शाह असम में जाकर गाय बांटने की बात कह रहे हैं। 2003 में गाय बांटने की योजना छत्तीसगढ़ में फेल हो गई। अब इनके पास नया कुछ देने का नहीं है। भ्रष्टाचार में मुख्यमंत्री और उसका परिवार आकंठ डूबा हुआ है। पूर्व मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा, हमारे आवेदन पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। यहां रात में एफआईआर होती है और सुबह असम पुलिस दिल्ली पहुंच जाती है। आचार संहिता लगी हुई है और देश की एजेंसी किस प्रकार काम कर रही है, यह प्रश्नवाचक चिन्ह है।

## कांग्रेस जिलाध्यक्षों की बैठक आज आगामी रणनीति तैयार की जाएगी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने बुधवार को कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में जिलाध्यक्षों की एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई है। बैठक की अध्यक्षता पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज करेंगे। इसका मुख्य उद्देश्य आगामी चुनौतियों के लिए संगठन को मजबूत करना, ब्लॉक और बूथ स्तर की कमेटियों का पुनर्गठन करना और राज्य सरकार के खिलाफ आंदोलन की रणनीति तैयार करना है। संगठन विस्तार को लेकर बूथ, पंचायत और ब्लॉक स्तर पर कमेटियों का जल्द गठन और उन्हें सक्रिय करना, स्थानीय मुद्दों को उठाकर राज्य सरकार के खिलाफ प्रदर्शन की रूपरेखा तैयार करना, संगठन में युवाओं और महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर फोकस किया जाएगा। सभी जिलाध्यक्षों को कार्यकारिणी तैयार करने 31 मार्च तक समय दिया गया था। कई जिलों की कार्यकारिणी तैयार हो गई है, लेकिन अभी भी आधा दर्जन जिलों की कार्यकारिणी नहीं बन पाई है। वहीं ब्लॉक, बूथ और ग्राम समितियों का गठन नहीं हो सका है। बताया जाता है कि इन पर चर्चा के बाद नई तारीख का ऐलान हो सकता है।



### विधायक सुनील सोनी ने निगम आयुक्त और अधिकारियों के साथ किया निरीक्षण

# माधवराव सप्रे और प्रोफेसर जेएन पांडे स्कूल का होगा जीर्णोद्धार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर की ऐतिहासिक पहचान और शिक्षा का प्रमुख केंद्र पं. माधवराव सप्रे शाला और प्रोफेसर जेएन पांडे स्कूल का जीर्णोद्धार किया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर मुख्यमंत्री नगर उत्थान योजना के तहत इन स्कूलों का कायाकल्प करने 10 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इसकी तैयारी शुरू हो गई है।

मंगलवार को रायपुर दक्षिण के विधायक सुनील सोनी ने नगर निगम आयुक्त विश्वदीप, जोन 4 अध्यक्ष मुरली शर्मा और शाला विकास समिति के अध्यक्ष हरख मालू, कार्यपालन अभियंता पद्माकर श्रीवास के साथ बूढ़ापारा स्थित सप्रे स्कूल का निरीक्षण किया।

दरअसल सप्रे शाला और गर्वनमेंट स्कूल केवल शिक्षण संस्थान ही नहीं, बल्कि रायपुर शहर की विरासत हैं। इन स्कूलों से निकलकर अनेक यशस्वी विद्यार्थियों ने देश-दुनिया में छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया है। 1886 में स्थापित बूढ़ापारा स्थित प्राथमिक कन्या शाला जैसे जर्जर हो चुके भवनों का संरक्षण न केवल विद्यार्थियों को सुरक्षित वातावरण देगा, बल्कि शहर की ऐतिहासिक विरासत को संरक्षित करेगा। सप्रे शाला में विद्यार्थियों के लिए अतिरिक्त कक्ष बनाए जाएंगे। इसके अलावा खेल मैदान और लाइब्रेरी की सुविधा विकसित की जाएगी, साथ ही प्रार्थना शेड का निर्माण कराया जाएगा। विधायक सुनील सोनी ने निरीक्षण के दौरान निर्देश दिए कि इन प्राचीन स्कूलों को हैरिटेज के रूप में विकसित किया जाए।





## छात्रों को राहत, आधार एवं निवास प्रमाण पत्र दिखाकर एजेंसी से ले सकेंगे 5 केजी गैस सिलेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एलपीजी गैस संकट के इस समय में दूसरे जिले एवं राज्यों से आकर राजधानी रायपुर में स्कूल, कॉलेज सहित विभिन्न परीक्षा की तैयारी करने वाले वाले छात्र-छात्राओं को अब गैस सिलेंडर के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। इन छात्र-छात्राओं को राहत पहुंचाने के लिए जिला प्रशासन ने अब सभी गैस एजेंसियों से 5-5 किलोग्राम का गैस सिलेंडर वितरण करने का निर्णय लिया है। इसके तहत कोई भी छात्र-छात्रा किसी भी गैस एजेंसी में जाकर अपना आधारकार्ड एवं निवास प्रमाण पत्र दिखाकर या फोटोकॉपी जमा कराकर गैस सिलेंडर प्राप्त कर सकते हैं। कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रॉस भवन में अपर कलेक्टर कीर्तिमान सिंह राठौर ने जिले के एलपीजी वितरकों की बैठक ली। इस दौरान जिला खाद्य नियंत्रक भूपेंद्र मिश्रा भी मौजूद रहे। अपर कलेक्टर ने बैठक में कहा कि जिले में निवासरत विद्यार्थियों को, चाहे वे किराए के मकान में या किसी निजी हॉस्टल में रहते हों, को भी 5 किलोग्राम का छोटा सिलेंडर गैस एजेंसी द्वारा आधारकार्ड एवं निवास प्रमाण पत्र के आधार पर प्रदान किया जाए। उन्होंने बताया कि जिले में एलपीजी सिलेंडर का पर्याप्त स्टॉक है।

# भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नवीन से मिले साय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नई दिल्ली प्रवास के दौरान भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा, भारतीय जनता पार्टी सेवा, समर्पण और राष्ट्रहित के मूल्यों पर आधारित एक सशक्त विचारधारा का प्रतिनिधित्व करने वाली पार्टी है। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी की भावी रणनीतियों, संगठनात्मक विषयों तथा देश के समग्र और समावेशी विकास से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा, राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नवीन के मार्गदर्शन में भाजपा संगठन निरंतर सशक्त हो रहा है और देशभर में जनसेवा के कार्यों को नई गति एवं दिशा मिल रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि श्री नवीन के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी संगठनात्मक रूप से और अधिक सुदृढ़ होकर राष्ट्र निर्माण में अपनी प्रभावी भूमिका का निर्वहन करती रहेगी तथा विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में अग्रणी भूमिका निभाएगी।

# कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष पटवारी का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



राजधानी के पंडरी स्थित कैट कार्यालय में मंगलवार को राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय पटवारी का आगमन हुआ। इस मौके पर कैट की पूरी टीम ने उनका आत्मीय स्वागत किया। कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी के उनका स्वागत करते हुए कहा कि भारतीय व्यापार महोत्सव देश के व्यापारियों के लिए एक ऐतिहासिक अवसर है, जो स्थानीय ब्रांड्स को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने प्रदेश के व्यापारियों से अधिक से अधिक संख्या में इस महोत्सव से जुड़ने एवं अपने उत्पादों को बड़े मंच पर प्रस्तुत करने का आव्हान किया। अपने संबोधन में संजय पटवारी व्यापार सेवा के अपने 30 वर्षों के अनुभव साझा करते हुए व्यापारियों को नवाचार, गुणवत्ता एवं स्वदेशी उत्पादों के प्रोत्साहन पर बल दिया। उन्होंने 12, 13, 14 एवं 15 अगस्त को नई दिल्ली में आयोजित भारतीय व्यापार महोत्सव के लिए प्रदेश के व्यापारियों को आमंत्रित किया। उन्होंने बताया कि "मेक इन इंडिया" एवं "वोकल फॉर लोकल" की भावना से प्रेरित यह महोत्सव एमएसएमई ,लघु उद्योगों एवं बड़े भारतीय ब्रांड्स के लिए एक सशक्त मंच बनेगा। इसका मूलमंत्र "छोटे को बड़ा बनाना" है, जिसके माध्यम से क्षेत्रीय ब्रांड्स को राष्ट्रीय एवं वैश्विक पहचान दिलाई जाएगी। कार्यक्रम में मंच संचालन कैट के महामंत्री सुरिंदर सिंह ने किया एवं स्वागत भाषण कैट अध्यक्ष परमानंद जैन ने दिया। बैठक में कैट के प्रमुख पदाधिकारी अमर पारवानी, जितेंद्र दोशी, विक्रम सिंह देव, जीवत बजाज, परमानंद जैन, सुरिंदर सिंह, राम मंधान, वासु माखीजा, भरत जैन, शंकर बजाज, जय नानवानी, राजेंद्र खटवानी, दीपक विधानी, सतीश श्रीवास्तव, मोहन वल्यानी, जयराम कुकरेजा, प्रीतपाल बग्गा, निलेश मुंदड़ा, विजय जैन, नागेंद्र तिवारी, विजय पटेल सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### अटैचमेंट समाप्त करने जारी आदेश का पालन

# मूल पदस्थापना स्थल पर वापसी, 26 डॉक्टरों समेत दो सौ कर्मचारी रिलीव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मूल पदस्थापना स्थल पर वापसी संबंधी आदेश का पालन करते हुए रायपुर जिले के 26 डॉक्टरों समेत करीब दो सौ कर्मचारियों को रिलीव कर दिया गया है। इनमें सीएमएचओ कार्यालय के अलावा एमसीएच कालीबाड़ी और जिला अस्पताल पंडरी के डॉक्टर भी शामिल हैं। डॉक्टरों समेत अन्य कर्मचारियों के मूल स्थान पर लौटने के कारण संचालित कुछ स्वास्थ्य योजनाओं के प्रभावित होने की आशंका है। स्वास्थ्य विभाग में अपनी मूल पोस्टिंग छोड़कर अन्य स्थानों पर पदस्थ किए गए तमाम कर्मचारियों का अटैचमेंट समाप्त करने की घोषणा के बाद विभागीय स्तर पर पत्र जारी कर दिया गया था। इसके बाद जिलास्तर पर भी कार्यवाही शुरू हो गई है। रायपुर जिले में अटैचमेंट पर रहे 26 डॉक्टरों सहित करीब दो सौ कर्मचारियों को अपने मूल स्थान पर वापस लौटने आदेश जारी कर दिए गए। बुधवार को सभी को अपने मूल स्थान पर ड्यूटी ज्वाइन करनी होगी। इस आदेश में शामिल चार डॉक्टर केंद्रीय स्वास्थ्य योजनाओं के नोडल अधिकारी के रूप में काम करते हैं। वहीं स्वास्थ्य केंद्रों के चार डॉक्टर मातृ एवं शिशु चिकित्सालय कालीबाड़ी तथा तथा तीन डॉक्टर जिला अस्पताल पंडरी में अटैच्ड थे। इसी तरह स्वास्थ्य केंद्रों के गैर चिकित्सकीय के करीब पचास स्टाफ सीएमएचओ कार्यालय, अन्य कर्मचारी जरूरत के हिसाब से दूसरे स्वास्थ्य केंद्रों में अटैच थे, जिन्हें वापस लौटने कहा गया है। जारी किए जा रहे इन आदेश का विरोध भी हो रहा है और कर्मचारियों में असंतोष की स्थिति बनी हुई है। तर्क दिया जा रहा है कि जिले में सीमित संख्या में स्टाफ हैं, ऐसे में कर्मचारियों को उन कार्यों में लगाया गया, जहां उनकी आवश्यकता थी। इस आदेश का असर केंद्रीय स्वास्थ्य योजनाओं पर भी पड़ने की संभावना है, क्योंकि कई योजनाओं की जिम्मेदारी जिला और राज्यस्तर पर मुख्यालय में बैठे अधिकारियों द्वारा संभाली जा रही है।



## खबर संक्षेप

### अयोध्या-काशी यात्रा के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि आज

**बिलाईगढ़।** श्री रामलला दर्शन योजना के तहत अयोध्या में श्रीराम और काशी विश्वनाथ के दर्शन के लिए आगामी 15 अप्रैल और 13 मई को इच्छुक 30 दर्शनार्थियों का दल रवाना होगा। जिले के ऐसे नागरिक जो इस दल में शामिल होना चाहते हैं, वह ग्रामीण है तो अपने जनपद पंचायत सारंगढ़, बरमकेला, बिलाईगढ़ में और जो शहरी हैं वो अपने नगरपालिका सारंगढ़, नगर पंचायत सरसीवा, भटगांव बिलाईगढ़, पवनी, सरिया और बरमकेला में जमा कर सकते हैं। इन सभी संस्थाओं द्वारा ऐसे लोगों की सूची 9 अप्रैल तक जिला पंचायत में जमा किया जाएगा।

### फिल्म निर्माण और अभिनय के लिए युवाओं का प्रशिक्षण कोर्स 4 मई से

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में फिल्म निर्माण और अभिनय के क्षेत्र में रुचि रखने वाले युवाओं के लिए एक बड़ा अवसर सामने आया है। देश की प्रतिष्ठित संस्था फिल्म और टेलीविजन संस्थान (एफटीआईआई) पुणे द्वारा मई 2026 में तीन विशेष शॉर्ट टर्म कोर्स आयोजित किए जा रहे हैं। ये कोर्स छत्तीसगढ़ फिल्म एंड विजुअल आर्ट सोसाइटी के सहयोग से जनमंच सड्डू में आयोजित होंगे। फिल्म संस्था द्वारा 4 मई से 24 मई के बीच कुल तीन अलग-अलग विषयों पर कोर्स संचालित किए जाएंगे। इच्छुक अभ्यर्थी एफटीआईआई की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। अंतिम तिथि 24 अप्रैल शाम 6 बजे तक निर्धारित की गई है। इस कोर्स का निर्देशन प्रख्यात विशेषज्ञ प्रशांत सी. रावल द्वारा किया जाएगा। इस कार्यशाला का संचालन डॉ. मिलिंद दामले करेंगे। इस कोर्स के लिए 60 सीटें उपलब्ध है, जिसकी फीस 5500 रुपए है।

### स्वास्थ्य शिविर में 200 लोगों ने कराई जांच

**रायपुर।** टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत सांस्कृतिक भवन चंगोराभाठा में मंगलवार को स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। शिविर में आए लगभग 200 लोगों में से 136 लोगों का डिजिटल चेस्ट एक्स-रे किया गया, साथ ही 24 असामान्य एक्स-रे वाले व्यक्तियों का बलगम सैंपल एकत्रित किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. मिथिलेश चौधरी एवं जिला क्षय उन्मूलन अधिकारी डॉ. अविनाश चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में हुए शिविर का मुख्य उद्देश्य टीबी रोग की जल्द पहचान और उसके उन्मूलन के प्रति जन-जागरूकता फैलाना था। इस अवसर पर पार्षद दुर्गा यादराम साहू समेत डॉ. नीलिमा सिंह, केशव देवांगन, स्टाफ नर्स, मितानिन और मितानिन समन्वयक का विशेष सहयोग रहा, जिन्होंने घर-घर जाकर संभावित मरीजों की पहचान की और उन्हें शिविर तक पहुंचाया।

### कैफे में बिना अनुमति देर रात तक पार्टी, पुलिस ने दबिश देकर की कार्रवाई

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के वीआईपी रोड स्थित एक कैफे में देर रात प्रशासन, नगर निगम और पुलिस से बिना अनुमति पार्टी चल रही थी। इस दौरान तेज आवाज में डीजे भी बजाया जा रहा था। इसकी शिकायत मिलते ही तेलीबांधा पुलिस की टीम ने कैफे में छापा मारते हुए डीजे की जब्ती बनाई, वहीं कैफे संचालक के विरुद्ध कोलाहल अधिनियम के तहत अपराध दर्ज किया है। तेलीबांधा थाना प्रभारी ने बताया कि रविवार की रात करीब डेढ़ बजे वीआईपी रोड स्थित एक होटल के 'फर्जी कैफे' में पार्टी की जा रही थी। इस दौरान तेज आवाज में डीजे भी बजाया जा रहा था। डीजे की आवाज इतनी तीव्र थी कि इससे वीआईपी रोड से लगी कॉलोनियों में रहने वालों की नींद उड़ गई। इसकी शिकायत मिलते ही पुलिस की टीम ने इस कैफे में दबिश दी। इस दौरान पार्टी आयोजन तथा डीजे की अनुमति ली गई है या नहीं। इसकी जानकारी मांगी गई, लेकिन कैफे संचालक की ओर से अनुमति लेने संबंधी कोई प्रमाण प्रस्तुत नहीं किया। इस आधार पर पुलिस ने तत्काल डीजे की जब्ती बनाई, साथ ही कैफे संचालक के विरुद्ध कोलाहल अधिनियम के तहत प्रकरण बनाकर कार्रवाई की है।

अभियान : मंत्री टंकराम ने अनेक गांवों में लगाई चौपाल और ग्रामीणों से किया संवाद

# भाजपा के स्थापना दिवस पर गांव बस्ती चलो अभियान प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन/ सुहेला

भाजपा स्थापना दिवस पर गांव बस्ती चलो अभियान प्रारंभ हुआ। इस कड़ी में राजस्व एवं उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा सुहेला मंडल के सकलोर, कस हिदीह, अमेरी, पेंड्री, बूड़गहन, बासीन, भटभेरा पहुंचे, जहां जन चौपाल लगाकर हितग्राहियों से संवाद किया और वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्त्ताओं को सम्मानित किया गया।

इस अवसर जन चौपाल में जनता से संवाद करते हुए मंत्री टंकराम ने कहा आज डबल इंजन की सरकार में विकास कार्यों की कोई कमी नहीं है। सरकार की योजनाओं का लाभ जनता को मिल रहा है। लोगों के पैसे सीधे उनके खाते में जा रहा है। भ्रष्टाचार के लिए कोई जगह नहीं है। लोगों का विश्वास भाजपा की सरकार के प्रति बढ़ा है। महतारी वंदन योजना से महिलाओं के खाते में राशि आई है, जिससे महिलाएं खुशहाल हो रही हैं। किसानों को उनकी उपज का पूरा मूल्य एकमुश्त मिल रहा है। किसान सम्मान निधि भूमिहीन कृषि मज़दूर को पैसा मिल






रहा है। अगर क्षेत्र की बात करें तो हर गांव में विकास के काम हो रहे हैं। बरसो पुरानी सड़कों की जो मांग थी वह भी प्रारम्भ हो गई है। चाहे वह पड़कीड़ीह से खरौरा मार्ग हो, चाहे नवापारा से सतभांवा मार्ग हो, डिग्गी नाला का पुल भी जल्द प्रारंभ हो जाएगा। सुहेला में महाविद्यालय शुरू होने से बच्चों को इसका फ़ायदा होगा। भाजपा जिला अध्यक्ष आनंद यादव ने कहा कि कांग्रेस सरकार में सब विकास के कार्य ठप हो गए थे।

भ्रष्टाचार अपने चरम पर था। उसके आधे नेता मंत्री जेल में और आधे बेल पर है, लेकिन भाजपा की सरकार बनते ही अधोसरंचा के कार्य फिर से शुरू हो गए है।आज क्षेत्र को मंत्री मिला है, इसका सीधा लाभ क्षेत्र की जनता को मिल रहा है। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष दौलत पाल, जिला पंचायत सदस्य मोहन वर्मा, जिला मंत्री शिव कटारिया, भाजपा मंडल अध्यक्ष हेमंत बघमार, करण वर्मा, युगल किशोर वर्मा, कीर्ति वर्मा, हेमंत यादव, रामकुमार साहू, खोमलाल साहू, ममता वेदप्रकाश वर्मा, शैलेंद्री, रिंकू वर्मा, तिलक वर्मा, दिलेश्वरी, रिकेश साहू, कमल निषाद, सत्या जोगी, सहित भारी संख्या में ग्रामीणजन एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर झूमे श्रद्धालु



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंडा

आदर्श ग्राम पंचायत मुंडा में चल रहे संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह से पूरा गांव भक्तिमय है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा का रसपान कर रहे हैं। श्रीमद् भागवत कथा में चौथे दिन भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव पर मंगला से पधारे गुरु महाराज प्रकाश दास वैष्णव ने कथा वाचन कर भगवान की जन्म व भक्त प्रहलाद की भगवान श्री हरि नारायण के प्रति अटूट भक्ति का कथा का रसपान कराया, जिसमें स्वयं के पिता होते हुए भी अधर्म पथ पर चल रहे हिरण्याक्ष का विरोध किया, जिसके चलते प्रहलाद को पहाड़ से फेंक दिया गया। आग में जलाने की कोशिश की गयी, फिर भी भक्त प्रहलाद सुरक्षित रहे। भगवान भक्ति में डूबे रहे। अधर्मी का नाश हो गया। वहीं कृष्ण जन्म उत्सव में कृष्णा भगवान का नन्हे बालक रूप का।

■ भक्त प्रहलाद की अटूट भक्ति की महिमा का हुआ वर्णन

सम्मे लाल वर्मा, उत्तम लाल वर्मा ने पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया, जिसमें वहां पर कथा सुनने पहुंचे सभी भक्तजन ठुमका लगाते हुए जन्म उत्सव का आनंद लिया। कथा में नगर पंचायत अध्यक्ष शिव मंगल सिंह चौहान, उपाध्यक्ष नरेंद्र साहू, चंद्रभूषण वर्मा, गजेंद्र वर्मा, मनीराम वर्मा, चंद्र विष्णु वर्मा, सुमेर वर्मा, केदार वर्मा, कन्हैयालाल वर्मा, लालचंद वर्मा, भगवत प्रसाद वर्मा, रूप सिंह, गुरुजी फिरत वर्मा, शारदा वर्मा, खोल बाहर वर्मा, सहित ग्रामवासी शामिल हुए।

# नवोदयन परिंदे के 11 बच्चों ने जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिरसानाला

ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को बेहतर शिक्षा और उज्ज्वल भविष्य देने के संकल्प के साथ संचालित संस्थान नवोदयन परिंदे पेण्ड्रावन ने इस वर्ष जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में सफलता का नया इतिहास रचा है। संस्थान के 11 प्रतिभावान छात्र-छात्राओं ने अपनी मेहनत से चयन सूची में जगह बनाई है। इस गौरवशाली उपलब्धि पर संस्थान में एक भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जहां सफल बच्चों और उनके अभिभावकों का जोरदार स्वागत हुआ।

संस्थान के संचालक संजय निषाद ने अपनी सफलता का मंत्र साझा करते हुए कहा कि, मैं स्वयं एक भूतपूर्व नवोदयन छात्र हूं, इसलिए मैं ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों की चुनौतियों और उनकी क्षमता को बेहतर समझता हूं। मेरा एकमात्र उद्देश्य पेण्ड्रावन और आसपास के ग्रामीण अंचल की छिपी हुई



प्रतिभाओं को तराशना है, ताकि वे भी देश के सबसे प्रतिष्ठित विद्यालयों में पढ़ सकें।

समारोह के दौरान चयनित विद्यार्थियों और उनके माता-पिता ने अपने अनुभव साझा किए। सफल छात्र-छात्राओं ने कहा कि, संजय सर ने हमें केवल पढ़ाया नहीं, बल्कि एक बड़े भाई की तरह हमारा हौसला बढ़ाया। उनके मार्गदर्शन के बिना यह मुकाम पाना मुश्किल था। वहीं बच्चों की सफलता देख अभिभावकों की आंखें भर आईं। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि, ग्रामीण परिवेश में रहकर हमें उम्मीद नहीं थी कि हमारे बच्चे नवोदय जैसी कठिन परीक्षा पास कर लेंगे, लेकिन नवोदयन परिंदे के प्रयास और संजय निषाद जी के समर्पण ने इसे मुमकिन कर दिखाया। यहां बच्चों को शहर जैसी उच्च स्तरीय तैयारी कराई गई।

सम्मान समारोह में संजय निषाद द्वारा सभी 11 सफल बच्चों को स्मृति चिन्ह और उपहार देकर प्रोत्साहित किया गया। साथ ही बच्चों की सफलता के पीछे की असली शक्ति, उनके माता-पिता को भी तिलक लगाकर सम्मानित किया गया।

चयनित विद्यार्थियों में स्नेहा सूर्या पिता विनोद कुमार सूर्या, हर्ष वारे पिता संतराम वारे, डिम्पल वारे पिता शांति कुमार वारे, तनुश्रिद्धि कोशले पिता मनोज कुमार कोशले, प्रिंस जांगड़े पिता विष्णु नारायण जांगड़े, सृष्टि खूंटे पिता देवचरण खूंटे, अंशु रात्रे पिता जीवन लाल रात्रे, सौरभ रात्रे पिता अनिल रात्रे, आभाष लहरे पिता विजय सिंह लहरे,अखिलेश बघेल पिता कल्याण बघेल, मांशु लहरें पिता भरत लहरे शामिल है।

# नपं रोहांसी में शिव महापुराण कथा का समापन, कलश विसर्जन के साथ भंडारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

नगर पंचायत रोहांसी में साहू परिवार द्वारा 31 मार्च से 8 अप्रैल तक आयोजित 9 दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा के आखिरी दिन कलश विसर्जन कर कहा भण्डारा का आयोजन किया गया।

कथा प्रसंग में कथा वाचिका प्रिया किशोरी उपासना पांडेय ने माता- पिता की सेवा व पूजा को सर्वोपरि बताया। सभी देवताओं में गणेशजी को प्रथम पूजनीय देवता का स्थान प्राप्त है और उन्हें हर कोई खुश करना चाहता है, ऐसा कहा जाता है कि जब गणेश भगवान का मस्तक कटा, तब उनके पिता यानी भगवान शंकर चाहते तो किसी का भी सिर लगा सकते थे, लेकिन उन्होंने लगाया तो सिर्फ हाथी का सिर इसके पीछे वजह बदलते हुए उन्होंने कहा कि भोलेनाथ से जुड़ी पौराणिक कथा के अनुसार एक बार माता पार्वती ने अपने शरीर पर लगी हल्दी उतारकर एक बालक का



पुतला बनाया और दिव्य शक्तियों से उसमें प्राण डाल दिए । माता पार्वती ने उस बालक का नाम विनायक रखा इसके बाद माता पार्वती जब स्नान के लिए जाने लगीं तो उन्होंने विनायक से कहा कि तुम द्वार पर बैठो और किसी को अंदर मत आने देना, भगवान गणेश ने माता की आज्ञा का पालन करते हुए किसी को अंदर नहीं जाने दिया, भगवान शिव को भी गणेश जी ने मां पार्वती के कहने पर बाहर ही रोक दिया जिससे भगवान शिव क्रोधित हो गए । भोलेनाथ को यह नहीं पता था की गणेश जी कौन हैं और उन्होंने अपने त्रिशूल से उनका सिर धड़ से अलग कर दिया । यह देखकर मां पार्वती रोने लगती हैं और बहुत क्रोधित हो जाती हैं, मां पार्वती भगवान शिव को गणेश जी को फिर से जीवित करने को कहती हैं, भगवान शिव अपने गणों से कहते हैं कि जाओ और उत्तर दिशा में जो सबसे पहला सिर दिखे उसे ले कर आओ जब शिव गण सिर लेने जाते हैं तो उन्हें उत्तर दिशा में सबसे पहले इंद्र का हाथी ऐरावत मिलता है और वो उसका सिर ले आते हैं, इसके बाद भगवान शिव अपने पुत्र गणेश जी को हाथी का सिर लगा कर जीवित कर देते हैं।

# कंबाइंड डिफेंस के लिए 3, जबकि एनडीए के लिए बनाए गए 5 केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित कंबाइंड डिफेंस सर्विस एवं नेशनल डिफेंस अकेडमी एंड नेवल अकेडमी एग्जामिनेशन का आयोजन 12 अप्रैल को जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों में किया जाएगा। सीडीएस प्रथम पाली प्रातः 9:00 बजे से 11:00 बजे तक, द्वितीय पाली दोपहर 12:30 बजे से 2:30 बजे तक तथा तृतीय पाली शाम 4:00 बजे से 6:00 बजे तक निर्धारित की गई है। यह परीक्षा 3 केंद्रों राष्ट्रीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बाल आश्रम परिसर कचहरी चौक, पीजी उमाठे शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला शांति नगर एवं डागा गर्ल्स कॉलेज बाल आश्रम परिसर कचहरी चौक में आयोजित की जाएगी।

■ 12 अप्रैल को यूपीएससी आयोजित करेगा यह परीक्षा




### एनडीए दो पालियों में

*वहीं एनडीए परीक्षा दो पालियों में आयोजित होगी। प्रथम पाली प्रातः 10:00 बजे से 12:30 बजे तक तथा द्वितीय पाली दोपहर 2:00 बजे से 4:30 बजे तक संपन्न होगी। यह परीक्षा जिले के 5 परीक्षा केंद्रों लक्ष्मीनारायण कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला गुरुकुल परिसर कालीबाड़ी रोड, स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय लालपुर, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी शासकीय कन्या विद्यालय, रायपुर कॉन्वेंट स्कूल जनता कॉलोनी एवं श्री शंकराचार्य इंस्टिट्यूट सेजबहार में आयोजित की जाएंगी। परीक्षा के संचालन के लिए डिप्टी कलेक्टर उपेन्द्र किण्डो को सहायक को-ऑर्डिनेटिंग सुपरवाइजर तथा रोजगार अधिकारी केदारनाथ पटेल को कंट्रोल रूम प्रभारी नियुक्त किया गया है। अन्य दिशा-निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं।*

# सेक्रेड हार्ट सीनियर सेकंडरी स्कूल की छात्राओं का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

सेक्रेड हार्ट सीनियर सेकंडरी स्कूल में स्वागत समारोह का आयोजन कर कक्षा 11वीं में प्रवेश लेने वाले छात्र छात्राओं का अभिनंदन स्वागत किया गया। कक्षा 12वी के छात्रों ने अपने नये दोस्तों का स्वागत किया और उन्हें अच्छे से अध्ययन करने के लिए शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में विधालय की प्राचार्य सिस्टर शेरिन एवं अध्यापकों ने भी नवप्रवेशी छात्र छात्राओं का स्वागत किया। प्राचार्य शेरिन ने कक्षा 11वी में नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं से कहा कि अब आप एक नये भविष्य को लेकर आगे बढ़ने वाले हो इसलिए अपने लक्ष्य को निर्धारित कर पूरी एकाग्रता के साथ उसे पाने प्रयास करना होगा। आप सभी अच्छे से पढ़ाई करें और अपने माता-पिता , परिवार के साथ हम सबके साथ स्कूल का नाम रौशन करें। इस अवसर पर प्राचार्य





सिस्टर शेरिन ने इंटरनेशनल मैथमेटिक्स ओलंपियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार के साथ छात्र-छात्राएं उपस्थित थीं।

# अध्यक्ष और सचिव ने संभाला पदभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल/सेल

छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ कसडोल की मासिक बैठक को स्थानीय सर्किट हाउस में हुई। बैठक में नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रवीण डोमने ने विधिवत रूप से पदभार ग्रहण किया। इस दौरान संगठन की नई कार्यकारिणी का भी गठन किया गया। बैठक में संघ के विभिन्न पदों पर नियुक्त पदाधिकारियों की घोषणा की गई जिसमें सचिव गुनीराम साहू, कोषाध्यक्ष युवराज यादव, संरक्षक देवेंद्र साहू, एमएल वर्मा और सतीश शर्मा उपाध्यक्ष विजय साहू, अशोक टंडन, केशव साहू और भूपेंद्र साहू, सह सचिव जय प्रकाश साहू, उप कोषाध्यक्ष पुरुषोत्तम कैवर्त्य, विधि सलाहकार डेविड सायं तथा मीडिया प्रभारी हेमंत बघेल शामिल हैं। इसके अलावा कार्यकारिणी सदस्य के रूप में साहेब लाल साहू, दिनेश मिश्रा, सुनील तिवारी, संतोष कश्यप, सोमेश्वर कमलवंशी, भानूप्रताप साहू, महेश शर्मा, ओमप्रकाश पाण्डेय, अमीर दास, विकास अग्रवाल, संतोष थवाईत, व्यास श्रीवास, शिव यादव, शिव ठाकुर, तकीम कुरैशी, जीवनलाल रात्रे, मोतीलाल बंजारे को जिम्मेदारी दी गई। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने पत्रकारों के हितों की रक्षा करने और भविष्य की कार्ययोजना को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने एकजुट होकर हर परिस्थिति में साथ खड़े रहने का संकल्प लिया। इस अवसर पर नव निर्वाचित अध्यक्ष प्रवीण ढोमने ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे अपने पद का सदुपयोग करते हुए संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य करेंगे।

■ श्रमजीवी पत्रकार संघ कसडोल की मासिक बैठक में कार्यकारणी गठन हुई संपन्न

## पेज 9 के शेष

### उत्कृष्ट कार्यों के...

के 2470 लोगों की टोनोमीटर से जांच की गई, जिसमें 24 ग्लूकोमा मरीजों की पहचान की गई। अंत में सीएमएचओ डॉ. अवस्थी ने सभी नेत्र सहायक अधिकारियों के कार्यों की सराहना करते हुए भविष्य में भी इसी तरह समर्पित भाव से कार्य करने का आह्वान किया।

### दो वर्षों से लंबित ...

अपने विकासखण्ड में 09 अप्रैल को मल्दा ब, 11 अप्रैल मड़कड़ी तहसील- बिलाईगढ़, 13 अप्रैल जामपाली तहसील-सरिया में क्लस्टर पर राजस्व शिविर आयोजित किया जाना है, जिसमें अधिक से अधिक किसानों की समस्याओं को त्वरित निराकरण एवं लाभ दिलाए जाने निर्देशित किया गया। नामांतरण तथा बंटवारा, सीमांकन प्रकरणों में राजस्व निरीक्षक, पटवारियों से प्रतिवेदन प्राप्त कर शत प्रतिशत निराकरण समय-सीमा में पूर्ण करने, वन अधिकार मान्यता पत्रक धारियों के फौती नामांतरण, स्वामित्व योजना में प्रगति लाने सभी तहसीलदार, नायब तहसीलदारों को निर्देशित किया गया तथा एसडीएम को सतत निगरानी तथा अधीनस्थ न्यायालयों के निरीक्षण करने के निर्देश दिए। बैठक में एसडीएम वर्षा बंसल, एसडीएम प्रफुल्ल रजक, डिप्टी कलेक्टर उमेश साहू, डिप्टी कलेक्टर ऋचा सिंह, सभी तहसीलदार तथा नायब तहसीलदार उपस्थित थे।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### मूरा में नामायन प्रभात फेरी निकाली



**बंगोली।** समीपस्थ ग्राम मूरा में गुरु घासीदास, समस्त सतनामी समाज व ग्रामवासियों के सहयोग से तीन दिवसीय नामायन पाठ जारी है, जहां प्रतिदिन सुबह रोहित लहरे, जगमोहन चेलक, भुवनेश्वर सारंग, रवि सहित अन्य सदस्य द्वारा सतनाम प्रभात फेरी निकाली गई।

### भवानीपुर में क्रिकेट प्रतियोगिता कल से

**भवानीपुर।** ग्राम भवानीपुर में कल से क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में क्षेत्र की विभिन्न टीमें हिस्सा लेंगी। आयोजक समिति भारती युवा हंसवाहिनी क्रिकेट टीम ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 12 हजार रुपये एवं कप, द्वितीय पुरस्कार 8 हजार रुपये एवं कप, तृतीय पुरस्कार 6 हजार रुपये एवं कप तथा चतुर्थ पुरस्कार 4 हजार रुपये एवं कप रखा गया है। इसके अलावा खिलाड़ियों के लिए आकर्षक ईनाम भी रखा गया है। जिसमें प्रवेश शुल्क 400 रखा गया है। समिति ने क्षेत्र की अधिक से अधिक टीमों से प्रतियोगिता में भाग लेकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

## निधन

### साधिन बाई

**अमेरा।** कुकुरदी निवासी साधिन बाई पति गणेश राम वर्मा का 2 अप्रैल को निधन हो। उनका अंतिम



संस्कार गृह ग्राम-कुकुरदी के मोक्ष धाम में किया गया। इस दाह संस्कार कार्यक्रम में स्वजाति बंधुओं के साथ ही गांव के सैकड़ों लोग भी उपस्थित रहे। वे नरेश वर्मा की भाभी, शोभित, देवकुमार, रामकुमार, हरिशंकर, सुशील व अनिल वर्मा की माताजी थीं।

# कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने जनदर्शन में सुनी लोगों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने जनदर्शन में विभिन्न ग्रामो से पहुंचे लोगों की समस्याएं सुनी। इस दौरान उन्होंने मानवता और संवेदनशीलता का परिचय देते हुए एक लाचार दिव्यांग के पास जाकर उसकी गुहार सुनी और समाधान के लिये अधिकारियों को निर्देशित किया।

तहसील टुंडरा अंतर्गत ग्राम खपरीडीह निवासी दिव्यांग हृदय केवट अपनी गंभीर बीमारियों और पारिवारिक उपेक्षा से त्रस्त होकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचे थे। हृदय केवट ने अत्यंत भावुक होकर बताया कि शारीरिक अक्षमता के कारण वे बीमारियों से जूझ रहे हैं, लेकिन उनके अपने ही परिवार के सदस्य, जिनमें उनकी माता और छोटा भाई शामिल हैं, न तो उनके इलाज में सहयोग कर रहे हैं और न ही पैतृक संपत्ति में उनका जायज हिस्सा दे रहे हैं। बेसहारा और अपनों के तिरस्कार से आहत हृदय केवट ने न्याय की उम्मीद में जनदर्शन का दरवाजा खटखटाया।

## दिव्यांग हृदय केवट के इलाज और संपत्ति विवाद सुलझाने अधिकारियों को दिए निर्देश



### अधिकारियों को त्वरित निराकरण के दिये आदेश

कलेक्टर श्री शर्मा ने दिव्यांग हृदय केवट के बगल में बैठकर उनके आवेदन को पढ़ा। उन्होंने न केवल उनकी बातों को धैर्यपूर्वक सुना, बल्कि तत्काल मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के आदेश दिये । उन्होंने हृदय केवट के भूमि संबंधी विवाद और संपत्ति में हिस्सा दिलाने के मामले में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कसडोल रामरतन दुबे को निर्देशित किया कि वे इस प्रकरण की सूक्ष्म जाँच कर पीड़ति को उनका विधिक अधिकार दिलाना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही, हृदय केवट के स्वास्थ्य की गंभीरता को देखते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश अवस्थी को विशेष निर्देश दिए गए कि दिव्यांग के इलाज के लिए हर संभव चिकित्सकीय सहायता तत्काल उपलब्ध कराई जाए। कलेक्टर की इस पहल ने न केवल एक पीड़ति दिव्यांग को न्याय की उम्मीद जगाई है, बल्कि प्रशासन के मानवीय दृष्टिकोण को भी रेखांकित किया है।



## प्रशिक्षण : 148 विज्ञान एवं गणित शिक्षक प्रशिक्षण में हुए शामिल

# शिक्षकों को मिला साइंस एंड टेक्नोलॉजी फॉर सस्टेनेबिलिटी आधारित प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ के अनेक पीएमसी स्कूल अंतर्गत अध्यापन कार्य का रहे विज्ञान एवं गणित शिक्षकों का क्षमता विकास के लिए एवं आधुनिक टेक्नोलॉजी में पारंगत बनाने के उद्देश्य से स्कूल शिक्षा विभाग के 148 विज्ञान एवं गणित शिक्षकों ने आईआईटी भिलाई में 30 मार्च से 03 अप्रैल तक प्रशिक्षण प्राप्त किया।

भारत सरकार द्वारा संचालित पीएमसी स्कूल जिसका मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को प्रभावी रूप से लागू करना और देशभर में स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाना है। पीएम श्री स्कूल, अन्य स्कूलों के लिए रोल मॉडल होंगे ताकि शिक्षा में समानता और गुणवत्ता लाई जा सके जहां डिजिटल लर्निंग, स्मार्ट क्लास, लैब्स, ग्रीन स्कूल, खेल और कौशल शिक्षा जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराया जा रहा है। यह प्रशिक्षण श्री आशीष गौतम (पीएम श्री राज्य प्रभारी एवम राज्य सहायक कार्यक्रम समन्वयक एवं अनुराग जॉन एस्कॉट, श्वेता सिंह एस्कॉर्ट के संरक्षण और मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।







पीएम श्री स्कूल में सेवायें प्रदान कर रहे शिक्षकों को भी नई शिक्षा नीति के अनुरूप प्रशिक्षित करना आवश्यक है।

इसी उद्देश्य से बलौदाबाजार जिले के पीएम श्री विद्यालय कसडोल से दीपिका सोलंकी व्याख्याता, लवन से राजेंद्र सोनवानी कृषि शिक्षक, पलारी से जितेंद्र देवांगन व्याख्याता, भाटापारा से प्रीति पटेल व्याख्याता, सुहेला से नितेश शर्मा व्याख्याता एवं ज़ोन लीडर, सिमगा से दीपिका साहू व्याख्याता, कुल छः विद्यालय के शिक्षक आईआईटी भिलाई में आयोजित प्रशिक्षण में शामिल हुए।

जहां उन्हें सिक्योरिटी, साइंस एंड टेक्नोलॉजी, स्मार्ट लैब थ्रीडी प्रिंटर, नेचर लैब, गूगल क्लासरूम, सायबर साइकोलॉजिकल इंपैक्ट, ड्रोन टेक्नोलॉजी, ऑनलाइन प्लेटफार्म आधारित बेहतर कक्षा संचालन के तरीके सिखाये गए एवं आईआईटी लैब का अवलोकन करवाया गया। आयोजित पांच दिवसीय कार्यशाला में सहभागिता प्रदान करने हेतु सभी प्रतिभागी शिक्षकों को प्रमाणपत्र प्रदान किया गया । समारोह में शिक्षकों द्वारा इस प्रशिक्षण पर अपना फीडबैक भी प्रस्तुत किया गया।

# आयुष्मान शिविर में 89 बच्चों का पंजीयन



हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

मोपका प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मोपका में शासन की आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत शत प्रतिशत आयुष्मान पंजीयन के उद्देश्य से विशेष शिविर लगाकर पंजीयन का कार्य किया जा रहा है ,उक्त कार्यक्रम के विकासखंड नोडल अधिकारी डॉ राजेंद्र माहेश्वरी ने बताया कि प्रथम चरण में 1 से 5 साल तक के छूटे हुए बच्चों का आयुष्मान पंजीयन पूर्ण करने हेतु लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसमें जिलाधीश कुलदीप शर्मा तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश अवस्थी के निर्देश पर विभिन्न स्वास्थ्य अमले की ड्यूटी लगाई गई है। मोपका अस्पताल के प्रभारी चिकित्सक डॉ आलोक तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर में अब तक 89 बच्चों का आयुष्मान पंजीयन कर स्मार्ट कार्ड बनाया जा चुका है इसी क्रम में 16 अप्रैल को ग्राम भरतपुर में एवं 17 अप्रैल को ग्राम बकुलाही में शिविर का आयोजन किया जाना है हितग्राही आधार कार्ड,राशन कार्ड एवं लिंक मोबाइल नंबर लाकर पंजीयन करा सकते हैं शिविर में सुपरवाइजर टीकाराम वर्मा, एस बेगम, मितानिन ट्रेनर अरुणा पाटकर, एमएलटी गोपी पैकरा, आरएचओ पुरुषोत्तम ध्रुव, डीईओ नरेंद्र साहू , स्टाफ नर्स शंकर कश्यप, एएनएम अनीता पैकरा, सावित्री वर्मा, हीना साहू तथा ग्राम मोपका की समस्त मितानिन एवं हितग्राही उपस्थित थे।

- प्रथम चरण में 1 से 5 साल तक के छूटे हुए बच्चों का पंजीयन किया गया

# ब्राह्मण समाज के पदाधिकारियों ने की कलेक्टर से मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ⏭ भवानीपुर/पलारी

अखंड ब्राह्मण समाज पलारी के तत्वावधान में 19 और 24 अप्रैल को भगवान परशुराम जयंती पर आयोजित होने वाली शोभायात्रा एवं धार्मिक कार्यक्रमों के लिए अखंड ब्राह्मण समाज पलारी के पदाधिकारियों ने कलेक्टर कुलदीप शर्मा से सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान पदाधिकारियों ने कलेक्टर को कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया।

समाज के प्रतिनिधिमंडल ने आयोजन की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि भगवान परशुराम जयंती पर नगर में शोभायात्रा, पूजन-अर्चन एवं सांस्कृतिक सम्मान समारोह शिक्षक राजनीतिक समाज सेवा अन्य के क्षेत्र में जो व्यक्ति कार्य किए हैं।

उन्हें सम्मानित किया जाएगा अतिथियों द्वारा समाज के वरिष्ठ गण को भी सम्मान किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन एवं श्रद्धालु शामिल होंगे। कलेक्टर श्री शर्मा ने आमंत्रण स्वीकार करते हुए आयोजन की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं तथा प्रशासन की ओर से आवश्यक सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर समाज प्रमुख यशप्रभा पांडे, शीला शुक्ला, प्रीति झा, फाल्गुनी मिश्रा, स्वाती त्रिपाठी, गंजेश्वरी तिवारी समाज प्रमुख उमाशंकर मिश्रा, राहुल पांडे, मुकेश झा, विनय शर्मा, यशवंत तिवारी, राजेश शर्मा, थानेश्वर प्रसाद मिश्रा, रिषभ चौबे, तोषन चौबे आदि समाज के प्रमुख उपस्थित थे।

# तेलासी पंचायत में पहुंचा हर घर नल से जल




**बलौदाबाजार।** जल जीवन मिशन, हर घर जल के अंतर्गत विकासखंड पलारी के ग्राम पंचायत तेलासी में ग्राम के प्रत्येक घर तक स्वच्छ पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित हुई है। इसके साथ हर घर जल प्रमाणीकरण प्राप्त किया है। उपलब्धि के उपरांत जलापूर्ति योजना का विधिवत हस्तांतरण ग्राम पंचायत को कर दिया गया है। योजना के सफल क्रियान्वयन में जनप्रतिनिधियों, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी रही। ग्राम पंचायत स्तर पर पाइपलाइन विस्तार, घरेलू नल कनेक्शन एवं जल संरचनाओं का निर्माण गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया गया। योजना के दीर्घकालिक संचालन एवं रखरखाव को सुनिश्चित करने हेतु ग्राम पंचायत में आवश्यक व्यवस्थाएं स्थापित की गई हैं। योजना के संचालन हेतु प्रति परिवार 80 रुपए प्रतिमाह जल कर निर्धारित किया गया है। जल आपूर्ति के नियमित संचालन के लिए स्थानीय स्तर पर पंप ऑपरेटर नियुक्त किया गया है। योजना के संचालन, रखरखाव एवं निगरानी की जिम्मेदारी ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति को सौंपी गई है। जल वाहिनी टीम द्वारा समय-समय पर जल की गुणवत्ता की जांच सुनिश्चित की जा रही है।

# शराब की अवैध बिक्री रोकने दावनबोड़ में महिला कमांडो का गठन

**भाटापारा।** ग्राम पंचायत दावनबोड़ में अवैध शराब बिक्री, जुआ, चौक चौराहा में शराब पीकर, हुल्लड़ करने वाले पर नियंत्रण करने के लिए तथा नशा मुक्त गांव बनाने के लिए यहां की महिलाओं ने मिलकर महिला कमांडो का गठन किया है। संगठन की अध्यक्ष राम बाई तुरकिया ने बताया कि गठन के बाद प्रतिदिन 50 से अधिक एक्टिव महिलाएं रोज गांव में गश्त लगाती है, जिसे अब गांव में सुधार आ रहा है। इस कार्य में सहयोग के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की टीम आकर महिलाओं के साथ मीटिंग और जागरूकता रैली में भाग लिया। साथ ही साथ एसडीओपी तारेश साहू, थाना प्रभारी पटेल गांव आकर महिला कमांडो की सदस्यों को प्रोत्साहित किए और हर प्रकार से कानूनी सहायता प्रदान करने की बात कही। गांव के जन प्रतिनिधियों का भी इस अभियान में विशेष सहयोग प्राप्त हो रहा है।



# भारत माता सेवा ट्रस्ट ने निःशक्त को प्रदान की ट्रायसिकल, जीवन में लौटी नई उम्मीद



हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

ग्राम रवान में भारत माता सेवा ट्रस्ट द्वारा सामाजिक सरोकार का सराहनीय उदाहरण प्रस्तुत करते हुए दिव्यांग तामेश्वर ध्रुव को ट्रायसिकल प्रदान की। इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष टेसूलाल धुरंधर, कार्यक्रम समन्वयक नीरज परगनिहा सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में टिकेश वर्मा, सौरभ ध्रुव, आशीष बघेल, मोहन यादव, भारत यादव, शिवम वर्मा, राकेश वस्त्रकार, कुशल वर्मा, ओमप्रकाश वर्मा सहित कई गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में तामेश्वर ध्रुव को ट्रायसिकल सौंपा गया।

तामेश्वर ध्रुव ने भावुक होकर बताया कि वे जन्म से दिव्यांग नहीं थे, बल्कि एक सड़क दुर्घटना के बाद उनके दोनों पैर काम करना बंद कर गए। परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य होने के कारण दुर्घटना के बाद उनके परिवार पर आर्थिक संकट गहराने लगा और उनकी पत्नी को मजदूरी कर घर चलाना पड़ा। उन्होंने बताया कि ट्रायसिकल के लिए वे पिछले पांच वर्षों से प्रयासरत थे, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी।

ट्रस्ट के संपर्क में आने के बाद भारत माता सेवा ट्रस्ट के सदस्यों ने उनकी समस्या को गंभीरता से लेते हुए समाज कल्याण विभाग से समन्वय स्थापित किया और उनके लिए ट्रायसिकल की व्यवस्था कराई। ट्रायसिकल प्राप्त करने के बाद तामेश्वर ध्रुव ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि अब वे घूम-घूमकर छोटे-मोटे सामान बेचकर परिवार की आजीविका में सहयोग कर सकेंगे। उन्होंने इस सहायता के लिए भारत माता सेवा ट्रस्ट के प्रति आभार जताया।

## भक्ति और श्रद्धा के संगम से सराबोर हुआ डमरू

# भागवत में ध्रुव चरित्र व वामन अवतार का प्रसंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ लवन

ग्राम डमरू में ग्राम संगठन द्वारा आयोजित सात दिवसीय भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ के तीसरे दिन श्रद्धा का सैलाब उमड़ पड़ा। कथा वाचक पं. प्रीतम पाण्डेय ने भागवत महिमा का बखान करते हुए भक्तों को भावविभोर कर दिया। कथा के तीसरे दिन पं. ने ध्रुव चरित्र का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार बालक ध्रुव ने अपनी सौतेली माता के कटु वचनों से आहत होकर मात्र पांच वर्ष की आयु में कठोर तपस्या की और भगवान विष्णु को प्रसन्न किया। पं. पाण्डेय ने कहा कि अटल विश्वास और अटूट श्रद्धा हो तो ईश्वर को भी झुकना पड़ता है। ध्रुव की भक्ति हमें यह सिखाती है कि लक्ष्य के प्रति समर्पण ही सफलता की कुंजी है। कथा के अगले चरण में वामन अवतार के प्रसंग ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। महाराज बलि के अहंकार को तोड़ने और देवताओं के कल्याण के लिए भगवान विष्णु द्वारा धारण किए गए वामन रूप की कथा सुनाई गई। जब भगवान ने तीन पग में पूरी सृष्टि को नाप लिया तो श्रद्धालुओं ने जयकारों से पंडाल गुंजायमान कर दिया। कथा के दौरान झांकियों के माध्यम से भगवान के अवतारों का सजीव चित्रण भी किया गया जिसे देख भक्त भावुक हो उठे आयोजन समिति ने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से प्रभु इच्छा तक अनवरत चल रही है। कथा में डमरू सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।



टैक्सी चाहिए
बलौदाबाजार से सरसीवां में रात्रि कालीन पेपर पार्सल ले जाने हेतु टाटा एस, टाटा मैजिक, की आवश्यकता है।
इच्छुक व्यक्ति टैक्सी की संपूर्ण कागजात के साथ प्रसार विभाग में संपर्क करें।
समय : 11 बजे से दोपहर 01 बजे तक
हरिभूमि
कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
मात्र 15,500/-
09 दिन
EX-हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
ब्रेकफास्ट, डिनर, 25 सीटर टेम्पो ट्रैवलर, होटल, मैनेजर/ गाइड
20 अप्रैल, 06 मई, 09 मई, 13 मई, 18 मई, 08 जून, 17 जून 2026
राशिः- स्टैंडर्ड पैकेज 15,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411